भारत-ऑस्ट्रेलिया CECA

स्रोत: पी.आई.बी

चर्चा में क्यों?

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (CECA) के शीघ्र समापन के लिये आगे का मार्ग रेखांकित किया है।

- दोनों देशों के बीच तीन द्विवसीय समीक्षा बैठक के दौरान CECA के कई महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों पर चर्चा की गई, जिसमें वस्तुओं का व्यापार, सेवाएँ, गतिशीलता, कृषि-तकनीक सहयोग आदि शामिल थे।

//

ऑस्ट्रेलिया-भारत व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता (CECA) क्या है?

- **परिचय:**
  - CECA एक [मुक्त व्यापार समझौता (FTA)] है जिसका उद्देश्य व्यापार के अवसरों और सहयोग को सुविधाजनक बनाने के लिये व्यापारित वस्तुओं पर [टैरिफ को समाप्त करना] **तथा सेवा क्षेत्रों को उदार बनाना** है।
  - भारत-ऑस्ट्रेलिया CECA का उद्देश्य **पाँच प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान देना है: वस्तुएँ, सेवाएँ, डिजिटल व्यापार, सरकारी खरीद, तथा उत्पत्ति के नियम/उत्पाद विशिष्ट नियम।**
    - हाल की वार्ताओं में, दोनों पक्षों ने व्यापक व्यापार सौदों में **प्रतिस्पर्द्धा नीति**, **MSME**, **नवाचार**, **कृषि-तकनीक**, **[महत्त्वपूर्ण खनिज]** **और खेल** जैसे नए क्षेत्रों को शामिल करने में रुचि दिखाई है ।
- **पृष्ठभूमि:**
  - CECA वार्ता मई 2011 में शुरू की गई थी, जिसे वर्ष 2016 में निलंबित कर दिया गया था और वर्ष 2021 में पुनः शुरू किया गया था।
  - भारत-ऑस्ट्रेलिया [आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (ECTA)], एक आधारभूत समझौता है, जिस **पर हस्ताक्षर किये गए** और **वर्ष 2022 में लागू हुआ**। यह एक सीमित व्यापार समझौता है और CECA से कम व्यापक है।
- **वर्तमान व्यापार सांख्यिकी:**
  - ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच व्यापार में काफी वृद्धि हुई है, **भारत ऑस्ट्रेलिया का पाँचवाँ सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार** है।
  - वर्ष 2023-24 के दौरान, मूल्य के संदर्भ में, ऑस्ट्रेलिया से भारत का आयात 16.2 बिलियन डॉलर था, जबकि निर्यात लगभग 8 बिलियन डॉलर (पिछले वित्त वर्ष में आयात 19 बिलियन डॉलर और निर्यात लगभग 7 बिलियन डॉलर) था।
- **भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अन्य समान पहल:**
  - **[समृद्धि के लिये हिंद-प्रशांत आर्थिक ढाँचा (IPEF)]**
  - **त्रिपक्षीय आपूर्ति शृंखला लचीलापन पहल (SCRI)** (भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान)
- **अन्य देशों के साथ भारत का CECA:**
  - **[भारत-सिंगापुर CECA]**
  - **[भारत-मलेशिया CECA]**
  - **[भारत-थाईलैंड CECA]**
  - **[भारत-न्यूज़ीलैंड CECA]**

दृष्टि The Vision

और पढ़ें: [भारत-ऑस्ट्रेलिया द्वितीय वार्षिक शिखर सम्मेलन]()

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQs)

???????????:

प्रश्न. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये: (2018)

1. ऑस्ट्रेलिया
2. कनाडा
3. चीन
4. भारत
5. जापान
6. यू.एस.ए.

उपर्युक्त में से कौन-कौन आसियान (ASEAN) के 'मुक्त व्यापार भागीदारों' में से हैं?

(a) 1, 2, 4 और 5

(b) 3, 4, 5 और 6
(c) 1, 3, 4 और 5
(d) 2, 3, 4 और 6

उत्तर: (c)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-australia-ceca-1